<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1114

17 दिसंबर, 2018 को उत्तर के लिए

नए इस्पात संयंत्रों की स्थापना

1114. श्रीमती संतोष अहलावतः

श्री सुनील कुमार सिंहः

श्री राम मोहन नायडू किंजरापुः

श्री चन्द्र प्रकाश जोशीः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में स्थापित कुल इस्पात संयंत्रों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का देश में राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 के अंतर्गत नये इस्पात संयंत्र स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इनके संयंत्र-वार कब तक परिचालित होने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार द्वारा देश में एकीकृत इस्पात संयंत्रों को स्थापित करने का कोई प्रस्ताव लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) झारखंड में मेकॉन लिमिटेड और राष्ट्रीय खनिज विकास निगम द्वारा इस्पात संयंत्र स्थापित करने की दिशा में अब तक कितनी प्रगति हुई है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): वर्तमान में, देश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र, दोनों में स्थापित कुल इस्पात संयंत्रों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।

(ख) और (ग): इस्पात एक नियंत्रण मुक्त क्षेत्र होने के नाते देश में इस्पात उद्योग के विकास के लिए सरकार की भूमिका मात्र एक सुविधादाता के रूप में होती है। इसलिए, इस्पात संयंत्रों की स्थापना आदि से संबंधित निर्णय वाणिज्यिक सोच-विचार और बाजार गतिशीलता समेत विभिन्न कारकों के आधार पर व्यक्तिगत इस्पात उत्पादक के अपने निर्णय पर निर्भर करते हैं।

(घ): झारखंड राज्य में इस्पात एसपीवी को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 28 जून, 2015 को बरही, हजारीबाग, झारखंड में इस्पात मंत्रालय, झारखंड सरकार और एनएमडीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। इस्पात संयंत्र की स्थापना हेतु चतरा स्थल को चिन्हित किया गया है।

****

अनुलग्नक

(लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 1114 दिनांक 17.12.2018)

<u>सार्वजनिक क्षेत्र में स्थापित कुल इस्पात संयंत्र</u>

क्र. सं.	सार्वजनिक क्षेत्र का नाम	राज्य	इकाई
1.	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल)	छत्तीसगढ़	भिलाई इस्पात संयंत्र
		पश्चिम बंगाल	दुर्गापुर इस्पात संयंत्र
		ओडिशा	राउरकेला इस्पात संयंत्र
		झारखंड	बोकारो इस्पात संयंत्र
		पश्चिम बंगाल	इस्को इस्पात संयंत्र
		पश्चिम बंगाल	अलॉय इस्पात संयंत्र
		तमिलनाडु	सेलम इस्पात संयंत्र
		कर्नाटक	विश्वेश्वरैया लोहा और इस्पात संयंत्र
2.	राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमटेड (आरआईएनएल)	आंध्र प्रदेश	राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमटेड
स्रोत: जेपीसी			

<u>निजी क्षेत्र में स्थापित कुल इस्पात संयंत्र</u>

क्र.सं.	क्षेत्र	राज्य	इकाई
1.	पूर्वी क्षेत्र	अरुणाचल प्रदेश	1
		असम	9
		बिहार	42
		झारखंड	139
		मेघालय	7
		ओडिशा	68
		त्रिपुरा	1
		पश्चिम बंगाल	47
		कुल	**314**
2.	पश्चिमी क्षेत्र	छत्तीसगढ़	77
		दादर व नागर हवेली	18
		दमन और दीव	3
		गोवा	14
		गुजरात	59
		मध्य प्रदेश	10
		महाराष्ट्र	64
		कुल	**245**
3.	उत्तरी क्षेत्र	दिल्ली	2
		हरियाणा	10
		हिमाचल प्रदेश	19
		जम्मू और कश्मीर	8

		पंजाब	119
		राजस्थान	39
		उत्तर प्रदेश	41
		उत्तराखंड	23
		कुल	**261**
4.	दक्षिणी क्षेत्र	आंध्र प्रदेश	29
		कर्नाटक	30
		केरल	35
		पुदुचेरी	11
		तमिलनाडु	101
		तेलंगाना	33
		कुल	**239**
	सकल		**1059**
स्रोत: जेपीसी			

*****